बिहार सरकार

मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-386

19/08/2025

# मुख्यमंत्री ने ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान, पटना में प्रबंधन विकास केंद्र (एम0डी0सी0) एवं बालिका छात्रावास का किया उद्घाटन

पटना, 19 अगस्त 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान, पटना में प्रबंधन विकास केंद्र (एम0डी0सी0) एवं बालिका छात्रावास का शिलापट्ट अनावरण कर तथा फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने प्रबंधन विकास केंद्र (एम0डी0सी0) एवं बालिका छात्रावास का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भवन अच्छा बना है। प्रबंधन विकास केंद्र के नये भवन में प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताएं और बेहतर ढंग से पूर्ण की जा सकेंगी। बालिका छात्रावास के निर्माण से छात्राओं को यहां रहने की बेहतर सुविधा मिलेगी जिससे उन्हें पठन–पाठन में सहूलियत होगी।

कार्यक्रम के दौरान जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री श्री सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव सह ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान के निदेशक डॉ० एस० सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम (बी0एस0ई0आई0डी0सी0) की प्रबंध निदेशक श्रीमती इनायत खान, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0 सहित अन्य वरीय अधिकारीगण तथा ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान के शिक्षक और छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

ज्ञातव्य है कि ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान, पटना की स्थापना सन् 1973 में हुई थी। संस्थान में वर्त्तमान में प्रबंधन एवं कम्प्यूटर का कुल 10 कोर्स का संचालन किया जा रहा है जिसमें कि 1600 से ज्यादा छात्र–छात्राएं नामांकित हैं। संस्थान के प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये प्रबंधन विकास केन्द्र (Management Development Centre) की स्थापना की गई है। प्रबंधन विकास केन्द्र में 26 कमरे हैं, जिसमें कुल 52 व्यक्तियों के रहने की व्यवस्था है। प्रबंधन विकास केन्द्र में प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण हॉल, आवासीय प्रशिक्षण हेतु डायनिंग हॉल इत्यादि की व्यवस्था है। प्रबंधन विकास केन्द्र के निर्माण पर 4 करोड़ 99 लाख 97 हजार 400 रुपये की लागत आयी है। संस्थान में काफी संख्या में बालिकायें नामांकित हैं। उनकी सुविधा हेतु वातानुकूलित बालिका छात्रावास का निर्माण एवं उन्नयन कुल 4 करोड़ 99 लाख 97 हजार 400 रुपये की लागत से की गई है। इस छात्रावास में दो ब्लॉक हैं। दोनों ब्लॉक में कुल 40 कमरे एवं 8 हॉल हैं जिनमें कुल 168 छात्राओं के रहने की व्यवस्था है।

******